**A**

**CCE RR**
**UNREVISED**
**FULL SYLLABUS**

# ಕರ್ನಾಟಕ ಶಾಲಾ ಪರೀಕ್ಷೆ ಮತ್ತು ಮೌಲ್ಯನಿರ್ಣಯ ಮಂಡಲಿ, ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು – 560 003

**KARNATAKA SCHOOL EXAMINATION AND ASSESSMENT BOARD, MALLESHWARAM, BENGALURU – 560 003**

**ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಪರೀಕ್ಷೆ, ಜೂನ್ – 2023**

**S.S.L.C. EXAMINATION, JUNE – 2023**

**ಮಾದರಿ ಉತ್ತರಗಳು**

**MODEL ANSWERS**

ದಿನಾಂಕ : 16. 06. 2023 ] ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : **61-H**

Date : 16. 06. 2023 ] **Code No. : 61-H**

## ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

## Subject : Third Language — HINDI

**( ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Regular Repeater )**

[ ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80

[ Max. Marks : 80

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| I. | **निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए :** 8 × 1 = 8 | |
| 1. | 'सीमित' शब्द का विलोम रूप है – | |
| | (A) सीमा (B) असीमित | |
| | (C) मीत (D) अमिट | |
| | **उत्तर :** (B) असीमित | 1 |

[ Turn over

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | | | | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 2. | 'मोर' शब्द का स्त्रीलिंग रूप है – | | | | |
| | (A) | मोरनी | (B) | शेरनी | |
| | (C) | शहर | (D) | शोर | |
| | **उत्तर :** (A) मोरनी | | | | 1 |
| 3. | निम्नलिखित में से बहुवचन शब्द है – | | | | |
| | (A) | डाली | (B) | कली | |
| | (C) | नदियाँ | (D) | पत्ती | |
| | **उत्तर :** (C) नदियाँ | | | | 1 |
| 4. | 'जगना' शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है – | | | | |
| | (A) | जग | (B) | जोग | |
| | (C) | जगवाना | (D) | जगाना | |
| | **उत्तर :** (D) जगाना | | | | 1 |
| 5. | 'सहानुभूति' शब्द में संधि है – | | | | |
| | (A) | दीर्घ | (B) | गुण | |
| | (C) | यण् | (D) | वृद्धि | |
| | **उत्तर :** (A) दीर्घ | | | | 1 |
| 6. | निम्नलिखित में से 'द्वंद्व समास' का उदाहरण है – | | | | |
| | (A) | राजवंश | (B) | देश-विदेश | |
| | (C) | चौमास | (D) | भरपेट | |
| | **उत्तर :** (B) देश-विदेश | | | | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 7. | अब्दुल कलाम का जन्म रामेश्वरम् में हुआ ।<br>वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है –<br>(A) प्रश्नवाचक (B) विस्मयादिबोधक<br>(C) पूर्ण विराम (D) अल्प विराम<br>**उत्तर :** (C) पूर्ण विराम | 1 |
| 8. | आज ..................... दुनिया विचित्र और नवीन है ।<br>रिक्त स्थान में सही कारक चिह्न होगा –<br>(A) का (B) में<br>(C) के (D) की<br>**उत्तर :** (D) की | 1 |
| II. | **निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए :** $4 \times 1 = 4$ | |
| 9. | सेब बेचने वाला : बेईमान : : रेवड़ियाँ बेचने वाला : ...........<br>**उत्तर :** ईमानदार | 1 |
| 10. | पक्षी लक्ष्मण शास्त्री : रामानंद शास्त्री : : जैनुलाबदीन : .........<br>**उत्तर :** अब्दुल कलाम | 1 |
| 11. | मकान की छत : मछली की पीठ जैसी : : मकान के स्तम्भ : ..................<br>**उत्तर :** हाथी के पैर जैसे | 1 |
| 12. | कृष्ण का रंग : काला : : यशोदा का रंग : ..................<br>**उत्तर :** गोरा | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| III. | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :** $4 \times 1 = 4$ | |
| 13. | सिंगफो आदिवासी कहाँ रहते थे ?<br>**उत्तर :** सिंगफो आदिवासी गुफाओं में और पेड़ों के नीचे / पूर्वोत्तर भारत में रहते थे । | 1 |
| 14. | रोबोनिल की मुलाकात किससे हुई ?<br>**उत्तर :** रोबोनिल की मुलाकात रोबोदीप से हुई । | 1 |
| 15. | 'समय की पहचान' कविता में कवि किस पर विश्वास करने को कहते हैं ?<br>**उत्तर :** समय की पहचान कविता में कवि आत्मा पर विश्वास करने को कहते हैं । | 1 |
| 16. | भारत माता सुख-संपत्ति, धन-धाम कैसे बाँट रही है ?<br>**उत्तर :** भारत माता सुख-संपत्ति, धन-धाम मुक्त हाथों से बाँट रही है । | 1 |
| IV. | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :** $8 \times 2 = 16$ | |
| 17. | आजकल शिक्षित समाज में किसके बारे में विचार किया जाता है ?<br>**उत्तर :** आजकल शिक्षित समाज में विटामिन और प्रोटीन के बारे में विचार किया जाता है । | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 18. | धीरज सक्सेना को बुद्धिमान रोबोट की ज़रूरत क्यों थी ?<br>**उत्तर :** * नाती-पोतों को होमवर्क कराने ।<br>* वर्ड प्रोसेसर पर धीरज सक्सेना का काम संभालने ... । | 2 |
| 19. | अब्दुल कलाम को जलालुद्दीन ने नई दुनिया का बोध कैसे कराया ?<br>**उत्तर :** जलालुद्दीन ने अब्दुल कलाम को हमेशा शिक्षित व्यक्तियों, वैज्ञानिक खोजों, समकालीन साहित्य और चिकित्सा विज्ञान की उपलब्धियों के बारे में बताकर उन्हें सीमित दायरे से बाहर निकालकर नई दुनिया का बोध कराया । | 2 |
| 20. | गाँव को आदर्श गाँव कैसे बनाया जा सकता है ?<br>**उत्तर :** * गाँव को हरा-भरा रखना ।<br>* गाँव में पेड़-पौधे लगाना ।<br>* गाँव को स्वच्छ रखना और स्वच्छ वातावरण देना । | 2 |
| 21. | बालकृष्ण अपनी माता से क्या-क्या शिकायतें करता है ?<br>**उत्तर :** * बलराम बार-बार कहता और खिझाता है कि मैं मोलकर लाया गया हूँ ।<br>* मैं तुम्हारा और बाबा नंद का बेटा नहीं हूँ ।<br>* बलराम के कहने पर ग्वालबाल भी चुटकी मारकर हँसते हैं ।<br>* तुम बलराम को कभी कुछ नहीं कहती हमेशा मुझे ही मारती हो ।<br>( इनमें से कोई 2-3 अंश ) | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 22. | समय का सदुपयोग कैसे करना चाहिए ?<br>**उत्तर :** * समय बहुत अमूल्य है । उसका महत्व धन से भी ज्यादा है ।<br>* आलस्य को छोड़कर समय पर काम करने से सुख की प्राप्ति होती है ।<br>* समय नष्ट न करें, अतः समय के महत्व को जानकर आगे बढ़ें । | 2 |
| 23. | सौरमंडल में शनि ग्रह का क्या स्थान है ?<br>**अथवा**<br>शनि का वायुमंडल किन गैसों से बना है ?<br>**उत्तर :** सौरमंडल के सबसे बड़े ग्रह बृहस्पति के बाद शनि ग्रह की कक्षा है । शनि सौरमंडल का दूसरा बड़ा ग्रह है ।<br>**अथवा**<br>शनि का वायुमंडल हाइड्रोजन, हीलियम, मीथेन तथा एमोनिया गैसों से बना है । | 2 |
| 24. | झूठ बोलनेवालों की हालत कैसी होती है ?<br>**अथवा**<br>मीना मैडम ने छात्रों को अंत में क्या संदेश दिया ?<br>**उत्तर :** * व्यक्तित्व कुंठित होता है ।<br>* झूठ बोलनेवालों से लोगों का विश्वास उठ जाता है ।<br>* उनकी उन्नति के द्वार बंद हो जाते हैं ।<br>**अथवा** | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | मीना मैडम ने अंत में छात्रों को यह संदेश दिया कि – "आज के बच्चे कल के नागरिक हैं । विद्यार्थियों ! आज से, नहीं नहीं; अब से ही आप इन कर्तव्यों का पालन करना शुरू करो । इससे आपका हित तो होगा ही, देश का कल्याण भी होगा ।" | |
| V. | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :** $9 \times 3 = 27$ | |
| 25. | गिल्लू के प्रति महादेवी वर्मा जी के प्रेम भाव का वर्णन कीजिए ।<br>**उत्तर :** * गिल्लू को कौओं का आहार होने से बचाती है ।<br>* उसे हौले से उठाकर अपने कमरे में लाकर उसके घावों पर पेन्सिलिन का मरहम लगाती है ।<br>* प्रेम से उसे गिल्लू कहकर बुलाती है ।<br>* उसे रहने के लिए डलिया में रूई बिछाकर व्यवस्था करती है ।<br>* गिल्लू को खाते समय बड़े प्यार से थाली के पास बैठना और सफाई से खाना सिखाती है ।<br>* गिल्लू के अंतिम दिनों में हीटर जलाकर उसे उष्णता देती है ।<br>* सोहन जूही की लता के नीचे गिल्लू की समाधि बनाती है ।<br>* गिल्लू को बाहर जाकर अन्य गिलहरियों के साथ खेलने के लिए जाली के कुछ एक छोटे से भाग को कटा देती है ।<br>( उनमें से कोई तीन-चार अंश ) | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 26. | इंटरनेट का योगदान अनुपम है । कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।<br>**उत्तर :** * इंटरनेट सचमुच एक वरदान है ।<br>* इसने जीवन के हर क्षेत्र में अपना कमाल दिखाया है ।<br>* चिकित्सा, कृषि, अंतरिक्ष ज्ञान, विज्ञान, शिक्षा के क्षेत्र में .......... ।<br>* यहाँ तक की देश के रक्षादलों की कार्यवाही में इंटरनेट का बहुत बड़ा योगदान है ।<br>( इन विचारों से जुड़ा हुआ कोई भी अंश ) | 3 |
| 27. | लेखक ने कमरा छोड़कर जाने का निर्णय क्यों लिया ? बताइए ।<br>**उत्तर :** ईमानदारों के सम्मेलन में लेखक की चप्पलें, चादरें धूप का चश्मा, कम्बल – इस तरह उनकी सारी चीजें चुरा ली गयीं । कमरे का ताला तक चोरी हो गया । लेखक ने सोचा कि यदि वे वहीं रूकेंगे तो उन्हें भी चुरा लिया जायेगा । | 3 |
| 28. | एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचकर बचेन्द्री ने क्या किया ? बताइए ।<br>**उत्तर :** * अपने घुटनों के बल बैठी । बर्फ पर अपने माथे को लगाकर सागरमाथे के ताज का चुंबन किया।<br>* थैले से हनुमान चालीसा और दुर्गा माँ का चित्र निकालकर अपने साथ लाये लाल कपड़े में लपेटा और छोटी-सी पूजा करके बर्फ में दबा दिया । | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 29. | कर्नाटक की शिल्पकला का वर्णन कीजिए ।<br>**उत्तर :** * कर्नाटक की शिल्पकला अनोखी है ।<br>* बादामी, ऐहोले, पट्टदकल्लू में जो मंदिर हैं, उनकी शिल्पकला और वास्तुकला अद्‌भुत है ।<br>* बेलूर, हलेबीडू, सोमनाथपुर के मंदिरों में पत्थर की मूर्तियाँ सजीव लगती हैं ।<br>* श्रवणबेलगोल में गोमटेश्वर की 57 फीट एकशिला प्रतिमा है ।<br>* मैसूर का राजमहल कर्नाटक के वैभव का प्रतीक है । | 3 |
| 30. | कवि दिनकर जी ने वैज्ञानिक युग और आधुनिक मानव का विश्लेषण कैसे किया है ? स्पष्ट कीजिए ।<br>**उत्तर :** * आधुनिक मानव ने प्रकृति के हर तत्त्व को अपने नियंत्रण में कर लिया है ।<br>* वह नदी, पर्वत, सागर लाँघ सकता है ।<br>* उसका यान आकाश में जा रहा है ।<br>* वह परमाणु प्रयोग भी कर रहा है ।<br>* उसकी बौद्धिक क्षमता असीमित है ।<br>* लेकिन मानव-मानव के बीच स्नेह का बाँध बाँधना भी उसका कर्तव्य है । | 3 |
| 31. | मातृभूमि का प्राकृतिक सौंदर्य कैसा है ? वर्णन कीजिए ।<br>**उत्तर :** * मातृभूमि के खेत हरे-भरे हैं ।<br>* मातृभूमि के वन-उपवन फल-फूलों से भरे हुए हैं ।<br>* मातृभूमि के अंदर खनिजों का व्यापक धन भरा हुआ है । | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 32. | निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :<br>राम नाम मनि दीप धरू, जीह देहरी द्वार ।<br>तुलसी भीतर बाहिरौ, जो चाहसी उजियार ।।<br>**उत्तर :** प्रस्तुत दोहे में कवि तुलसीदास जी राम नाम के महत्व को बताते हुए कहते हैं कि – जिस तरह देहरी पर दीया रखने से घर के भीतर तथा आंगन में प्रकाश फैलता है, उसी तरह राम-नाम जपने से मानव की आंतरिक और बाह्य शुद्धि होती है । | 3 |
| 33. | गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए :<br>टाइटन शनि का उपग्रह है । टाइटन हमारे चंद्र से भी बड़ा है । इसका व्यास 5150 किलोमीटर है ।<br>**उत्तर :** ಟೈಟನ್ ಶನಿಯ ಉಪಗ್ರಹವಾಗಿದೆ. ಟೈಟನ್ ನಮ್ಮ ಚಂದ್ರನಿಗಿಂತಲೂ ದೊಡ್ಡದು. ಇದರ ವ್ಯಾಸವು 5150 ಕಿಲೋಮೀಟರ್ ಆಗಿದೆ.<br>Titan is a natural satellite of Saturn. It is bigger than the moon. It's diameter is 5150 kilometers. | 3 |
| VI. | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए :**<br>2 × 4 = 8 | |
| 34. | बसंत एक ईमानदार, स्वाभिमानी लड़का है । कैसे ? बताइए ।<br>**अथवा**<br>पंडित राजकिशोर के मानवीय व्यवहार का परिचय दीजिए । | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
| --- | --- | --- |
| | **उत्तर :** * बसंत एक गरीब शरणार्थी लड़का है ।<br>* वह स्वाभिमानी और मेहनती है ।<br>* पंडित राजकिशोर जी बसंत से कुछ न खरीदकर पैसे देना चाहते हैं तो बसंत मुफ्त के पैसों को भीख समझता है और अपने परिश्रम से पैसे कमाना चाहता है ।<br>* दुर्घटना में घायल होने के बावजूद वह भुने हुए पैसे लौटाने को अपने भाई प्रताप को पंडित राजकिशोर के घर भेजता है ।<br>**अथवा**<br>* पंडित राजकिशोर का जीवन आदर्शप्राय है ।<br>* वे मज़दूरों के नेता थे ।<br>* वे निःस्वार्थ भाव से सेवा करते थे ।<br>* बसंत से कुछ खरीदकर उसकी सहायता करना चाहते थे ।<br>* बसंत के स्वाभिमान और ईमानदारी से प्रभावित हैं ।<br>* दुर्घटना का समाचार सुनते ही बसंत के घर पर जाते हैं और उसकी मदद करते हैं ।<br>* डॉक्टर को फोन करते हैं और एंबुलेन्स का प्रबंध करते हैं ।<br>* गरीबों के प्रति हमदर्दी दिखाते हुए आदर के साथ व्यवहार करने वाले पंडित राजकिशोर का चरित्र अनुसरणीय है । | 4 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 35. | निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :<br>असफलता ..............................................<br>............................................................<br>............................................................<br>.............................................. भागो तुम ।<br>**उत्तर :** असफलता एक चुनौती है, इसे स्वीकार करो,<br>क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो ।<br>जब तक न सफल हो, नींद चैन को त्यागो तुम,<br>संघर्ष का मैदान छोड़कर मत भागो तुम । | 4 |
| VII. 36. | **गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** $1 \times 4 = 4$<br>भारत बहुभाषीय सर्वस्वतंत्र राष्ट्र है । हमारा देश त्याग और तपस्या का प्रतीक है । अनंत अनादि काल से हम लोगों ने संसार के सम्मुख एकता का उज्ज्वल उदाहरण प्रस्तुत किया है । राष्ट्रीय भावैक्य यहाँ के विभिन्न संप्रदायों के लोगों की नस-नस में और रग-रग में कूट-कूट कर भरा हुआ है । हमने कभी किसी को पराया नहीं माना । सारे राष्ट्र को एक मानते हुए भारत के | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | लोगों ने संकुचित राष्ट्रीय भावना को कभी स्थान नहीं दिया । हमारी राष्ट्रीय भावना विश्व-परिवार की परिकल्पना के बहुत समीप है ।<br>अ) भारत कैसा राष्ट्र है ?<br>आ) भारतवासियों ने संसार के सम्मुख कैसा उदाहरण प्रस्तुत किया है ?<br>इ) भारत के विभिन्न संप्रदायों में राष्ट्रीय भावैक्यता कैसे भरी हुई है ?<br>ई) हमारी राष्ट्रीय भावना किस परिकल्पना के बहुत समीप है ? | |
| | **उत्तर :** (अ) भारत बहुभाषीय सर्वस्वतंत्र राष्ट्र है । | 1 |
| | **उत्तर :** (आ) भारतवासियों ने संसार के सम्मुख एकता का उज्ज्वल उदाहरण प्रस्तुत किया है । | 1 |
| | **उत्तर :** (इ) राष्ट्रीय भावैक्यता यहाँ के विभिन्न संप्रदायों के लोगों की नस-नस में और रग-रग में कूट-कूटकर भरी हुई है । | 1 |
| | **उत्तर :** (ई) हमारी राष्ट्रीय भावना विश्व-परिवार की परिकल्पना के बहुत समीप है । | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| VIII. 37. | **दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12 - 15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए :** 1 × 4 = 4<br><br>क) **कर्नाटक वैभव**<br>* प्रस्तावना<br>* कर्नाटक का भौतिक परिवेश<br>* कर्नाटक की महान हस्तियाँ एवं उपलब्धियाँ<br>* कर्नाटक की शिल्पकला और वास्तुकला<br>* उपसंहार ।<br><br>ख) **नागरिक के कर्तव्य**<br>* प्रस्तावना<br>* नागरिक का अर्थ<br>* नागरिक के कर्तव्य<br>* उपसंहार ।<br><br>ग) **अनुशासन का महत्व**<br>* प्रस्तावना<br>* अनुशासन का अर्थ<br>* अनुशासन का महत्व<br>* उपसंहार । | |
| | **उत्तर :** * प्रस्तावना 1<br>* विषय विस्तार 2<br>* उपसंहार 1 | 4 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| IX. | **निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए :** $1 \times 5 = 5$ | |
| 38. | अपनी पाठशाला में मनाये गये 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' के बारे में बताते हुए मित्र के नाम पत्र लिखिए । | |
| | **अथवा** | |
| | कोई भी सकारण बताते हुए अपने प्रधानाध्यापक के नाम छुट्टी पत्र लिखिए । | |
| | **उत्तर :** पत्र लेखन : | |
| | पारिवारिक पत्र | |
| | ∗ प्रेषक का पता व दिनांक $\frac{1}{2}$ | |
| | ∗ संबोधन एवं अभिवादन 1 | |
| | ∗ पत्र का कलेवर $2\frac{1}{2}$ | |
| | ∗ समाप्ति $\frac{1}{2}$ | 5 |
| | ∗ पत्र पानेवाले का पता $\frac{1}{2}$ | |
| | **अथवा** | |
| | व्यावहारिक पत्र | |
| | ∗ प्रेषक का पता $\frac{1}{2}$ | |
| | ∗ पत्र पानेवाले का पता $\frac{1}{2}$ | |
| | ∗ विषय $\frac{1}{2}$ | |
| | ∗ संबोधन $\frac{1}{2}$ | |
| | ∗ पत्र का कलेवर $2\frac{1}{2}$ | |
| | ∗ समाप्ति $\frac{1}{2}$ | |